सँख्या-20/2017/2021/78-2-2017-42आई0टी0/2017

प्रेषक,

संजीव सरन
अपर मुख्य सचिव
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 21 अगस्त 2017

विषय- निविदा प्रक्रिया अनिवार्य रूप से ई-टेण्डरिंग प्रणाली से किए जाने हेतु जनपद स्तर पर preparedness के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/विकास प्राधिकरणों/नगर निगमों/स्वायत्तशासी संस्थाओं/निकायों इत्यादि द्वारा निविदा प्रकिया ई-टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से किए जाने हेतु तैयारी के सम्बन्ध में जनपदों में स्थित विभिन्न विभागों /कार्यालयों के टेण्डरिंग इकाइयों के क्रय-समिति के सदस्यों को डिजिटल सिग्नेचर तथा ई-टेण्डरिंग प्रशिक्षण की स्थिति के दिनांक 11 अगस्त 2017 तक के आंकड़े संकलित किए गए हैं, जोकि इस पत्र के साथ संलग्न हैं।

2- संकलित आंकड़ों के अवलोकन से प्रथम दृष्टया स्पष्ट होता है कि जनपदों में स्थित विभिन्न विभागों/कार्यालयों इत्यादि के टेण्डरिंग इकाइयों के क्रय-समिति के सदस्यों द्वारा डिजिटल सिग्नेचर की प्राप्ति तथा ई-टेण्डरिंग प्रशिक्षण की प्राप्ति में गैप्स हैं।

3- अतः कृपया अपने जनपद में स्थित समस्त शासकीय विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/ विकास प्राधिकरणों/नगर निगमों/स्वायत्तशासी संस्थाओं/निकायों इत्यादि की टेण्डरिंग इकाइयों के क्रय-समिति के सभी सदस्यों द्वारा Class-II (Signing and Encryption) श्रेणी का डिजिटल सिग्नेचर तथा ई-टेण्डरिंग प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करायें।

4- ई-टेण्डरिंग प्रणाली सफलतापूर्वक लागू किये जाने के लिए शासकीय विभागों/उपक्रमों इत्यादि के क्रय-समिति के सदस्यों को डिजिटल सिग्नेचर तथा ई-टेण्डरिंग प्रशिक्षण के अतिरिक्त, ई-टेण्डरिंग निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु जनपदों में अवस्थित ठेकेदारों/बिडर्स/ निविदादाताओं को भी डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त किया जाना तथा ई-टेण्डरिंग प्रणाली मे निविदा-प्रस्तुति की प्रक्रिया से भिज्ञ होना आवश्यक है। अतः कृपया आपके जनपद स्थित शासकीय विभागों/ कार्यालयों/उपक्रमों इत्यादि को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे अपने कार्यालयों से सम्बन्धित ठेकेदारों/ बिडर्स/ निविदादाताओं को भी शीघ्रातिशीघ्र Class-II (Signing only) श्रेणी का डिजिटल सिग्नेचर तथा ई-टेण्डरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु परामर्श प्रदान करें।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- इसके अतिरिक्त यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट www.uplc.in e के ई-प्रोक्योरमेण्ट पृष्ठ पर Tender Help Videos में निविदादाताओं के लिए Online Bid Submission का Video तथा प्रस्तुतिकरण भी दिया गया है तथा निविदादाताओं द्वारा उसका लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

भवदीय,

संजीव सरन
अपर मुख्य सचिव

सँख्या20/2017/2021/78-2-2017-42आई0टी0/2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः प्रबन्ध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को सूचनार्थ

आज्ञा से,

(एम0बी0सिंह)
संयुक्त सचिव

htt ://shasanadesh.u .nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।